RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 241 | नागौर, 05 अगस्त, 2022 (शुक्रवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## अदालत ने सांसद संजय राउत की ईडी की हिरासत 8 अगस्त तक बढ़ाई

**मुंबई।**



मुंबई की एक विशेष अदालत ने शिवसेना सांसद संजय राउत की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को दी गयी हिरासत की अवधि बृहस्पतिवार को आठ अगस्त तक के लिए बढ़ा दी। उन्हें प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया है। अदालत ने हिरासत अवधि बढ़ाते हुए कहा कि ईडी ने जांच में ''काफी प्रगति'' की है। केंद्रीय एजेंसी ने उपनगर गोरेगांव में पात्रा 'चॉल' के पुनर्विकास में कथित वित्तीय अनियमितताओं और उनकी पत्नी तथा कथित साथियों के संपत्ति से जुड़े वित्तीय लेनदेन के संबंध में राउत को रविवार मध्यरात्रि को गिरफ्तार किया था। अदालत ने राउत को सोमवार को चार अगस्त तक ईडी की हिरासत में भेज दिया था। हिरासत खत्म होने के बाद ईडी ने राउत को धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) अदालत के न्यायाधीश एम. जी. देशपांडे के समक्ष पेश किया और आगे की जांच के लिए उनकी हिरासत बढ़ाने का अनुरोध किया। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद उनकी हिरासत आठ अगस्त तक बढ़ा दी।

प्रवर्तन निदेशालय ने इससे पहले अदालत को बताया था कि शिवसेना सांसद और उनके परिवार को मुंबई में एक 'चॉल' के पुनर्विकास परियोजना में कथित अनियमितताओं से हासिल एक करोड़ रुपये ''अपराध से आय'' के रूप में प्राप्त हुए।

### 3 करोड़ के नए पॉइंट पर रद्द हुई जमानत

पात्रा चॉल घोटाले की जांच कर रही ईडी ने कोर्ट को बताया कि संजय राउत ने 10 प्लॉट खरीदने के लिए 3 करोड़ रुपए कैश दिए थे। संजय राउत को ये कैश प्रवीण राउत की ओर से मिला था। संजय राउत के लिए प्रवीण फ्रंटमैन की तरह थे। वो संजय राउत को हर महीने लाखों रुपए कैश भी भेजते थे। इसी 3 करोड़ के नए खुलासे के आधार पर ईडी जमानत का विरोध किया। जज ने जमानत याचिका रद्द करते हुए सोमवार तक कस्टडी बढ़ा दी है।

# नेशनल हेराल्ड केस को लेकर संसद में खूब हंगामा, कार्यवाही स्थगित

## भड़के खड़गे : बोले- संसद की कार्यवाही के दौरान मुझे बुलाया कोई गलत करेगा तो एजेंसियां एक्शन लेंगी : गोयल

नई दिल्ली

राज्यसभा में बुधवार को विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही के दौरान मुझे ईडी ने बुलाया है। क्या यह सही है? इस पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने जवाब दिया कि कोई गलत करेगा तो एजेंसियां तो एक्शन लेंगी ही। इसके बाद दोनों में बहस शुरू हो गई।

### सदन में खड़गे बनाम पीयूष

**मल्लिकार्जुन खड़गे:** ईडी ने मुझे नेशनल हेराल्ड मामले में पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। वे मुझे संसद की कार्यवाही के दौरान कैसे बुला सकते हैं? मुझे ईडी के सामने 12.30 बजे पेश होने को कहा गया है। मैं कानून का पालन करना चाहता हूं। लेकिन क्या सदन की कार्यवाही के दौरान मुझे बुलाया जाना सही है? इससे पहले पुलिस ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी के घरों को घेर लिया था। क्या ऐसे माहौल में डेमोक्रेसी जिंदा रहेगी? क्या हम संविधान के मुताबिक काम कर पाएंगे? हम इससे डरेंगे नहीं, हम इससे लड़ेंगे।

**पीयूष गोयल:** सरकार किसी भी एजेंसी के कामकाज में दखल नहीं देती है। हो सकता है कांग्रेस के समय में ऐसा होता होगा, लेकिन अब अगर कोई भी शख्स कोई गलत काम करेगा तो एजेंसियां अपना काम करेंगी।

### दोनों सदन एक दिन के लिए स्थगित

संसद की 14वें दिन की कार्यवाही के दौरान दोनों सदनों में कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ हंगामा किया। इसके चलते दोनों सदनों को कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। सदनों में कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप लगाया। मामला नेशनल हेराल्ड केस में ईडी की कार्रवाई से जुड़ा है। दरअसल, कल ही ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में यंग इंडिया के दिल्ली स्थित दफ्तर को सील किया था। लोकसभा स्थगित होने से पहले केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सड़क व परिवहन मंत्रालय कार की पिछली सीट पर भी एयरबैग्स लगवाने की कोशिशों में है, ताकि पीछे बैठने वाले पैसेंजर्स की जान बचाई जा सके। इस बारे में एक प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। सरकार जल्द ही इस पर फैसला लेगी। फिलहाल कार की अगली सीटों के लिए ही एयरबैग्स मौजूद होते हैं।



### तय समय से आधी भी नहीं चली सदन की कार्यवाही

अब तक 13 दिन चली सदन में लोकसभा और राज्यसभा में 78-78 घंटे कार्यवाही होनी चाहिए थी, लेकिन लोकसभा में कुल 33 और राज्यसभा में 26 .6 घंटे ही कार्यवाही हुई। बाकी समय हंगामे के कारण कार्यवाही स्थगित रही। लोकसभा में प्रश्नकाल 3 .6 घंटे, विधायी कार्य 14 .6 घंटे, गैर विधायी कार्य 12 .7 घंटे और अन्य कार्य 2 .1 घंटे हुए, जबकि राज्यसभा में प्रश्नकाल 5 घंटे, विधायी कार्य 9 .9 घंटे, गैर विधायी कार्य 7 .2 घंटे और अन्य कार्य 4 .5 घंटे हुए।

### 13वें दिन सेंट्रल यूनिवर्सिटी और एंटी डोपिंग बिल हुए थे पास

मानसून सत्र के 13वें दिन सेंट्रल यूनिवर्सिटी (अमेंडमेंट) बिल लोकसभा में पास किया गया। इसमें विभिन्न राज्यों में केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रावधान है। वहीं, सदन में सरकार ने पर्सनल डेटा प्रोटक्शन बिल 2021 वापस ले लिया। इधर, राज्यसभा में नेशनल एंटी डोपिंग बिल को ध्वनिमत से सर्वसम्मति से पारित किया।

## मैं नरेंद्र मोदी से नहीं डरता हमेशा देशहित में काम करता रहूंगा: राहुल गांधी



नयी दिल्ली।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'नेशनल हेराल्ड' मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई को लेकर बृहस्पतिवार को कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं डरते और उन्हें धमकाकर चुप नहीं कराया जा सकता। उन्होंने कहा कि वह देश और लोकतंत्र की रक्षा तथा सद्भाव कायम रखने के लिए काम करते आए हैं और आगे भी करेंगे। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, ''सच्चाई को बैरिकेड नहीं किया जा सकता। कर लें जो करना है, मैं प्रधानमंत्री से नहीं डरता, मैं हमेशा देश हित में काम करता रहूंगा। सुन लो और समझ लो!'' इससे पहले, उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''ये धमकाने का प्रयास है।

ये सोचते हैं कि थोड़ा सा दबाव डालकर हमें चुप करा देंगे, लेकिन हम चुप नहीं होने वाले हैं। नरेंद्र मोदी जी, अमित शाह जी इस देश में लोकतंत्र के खिलाफ जो कर रहे हैं उसके विरूद्ध हम खड़े रहेंगे, चाहे ये कुछ भी कर लें। हमें कोई फर्क नहीं पड़ता।'' भाजपा के एक आरोप के संदर्भ में कांग्रेस नेता ने कहा, ''भागने की बात कौन कर रहा है, भागने की बात वो कर रहे हैं। हम डरने वाले नहीं हैं। हम नरेंद्र मोदी से नहीं डरते हैं। कर लें जो करना है। कुछ फर्क नहीं पड़ता।'' उन्होंने कहा, ''मेरा काम है देश की रक्षा करना, लोकतंत्र की रक्षा करना, देश में सद्भाव को बरकरार रखना, वो मैं करता रहूंगा।'' उधर, ईडी की कार्रवाई के मुद्दे पर संसद भवन में कांग्रेस सांसदों की बैठक हुई जिसमें आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। इस बैठक के बाद पार्टी सदस्यों ने सदनों में ईडी की कार्रवाई से जुड़े विषय को उठाया और भारी हंगामा किया।

### गुजरात में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए बोले पीएम मोदी

## 'देश की नारीशक्ति को आज़ादी के अमृतकाल में राष्ट्रशक्ति के रूप में सामने लाना हम सभी का दायित्व'

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के वलसाड ज़िले में श्रीमद राजचंद्र मिशन धर्मपुर की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का लोकार्पण हुआ है तो पशुओं के अस्पताल का शिलान्यास हुआ है। महिलाओं के लिए सेंटर फॉर एक्सीलेंसी का निर्माण कार्य भी आज से शुरू हुआ है। इससे गुजरात के ग्रामीणों, गरीबों, हमारी माता और बहनों को बहुत लाभ होगा। आज़ादी के अमृत महोत्सव में देश अपनी उन संतानों को याद कर रहा है, जिन्होंने भारत को गुलामी से बाहर निकालने के लिए प्रयास किए। श्रीमद् राजचंद्र जी ऐसे ही संत थे जिनका एक विराट योगदान इस देश के इतिहास में है।

पीएम मोदी ने कहा कि देश की नारीशक्ति को आज़ादी के अमृतकाल में राष्ट्रशक्ति के रूप में सामने लाना हम सभी का दायित्व है। केंद्र सरकार आज बहनों-बेटियों के सामने आने वाली हर उस अड़चन को दूर करने में जुटी है, जो उसे आगे बढ़ने से रोकती है। आज भारत स्वास्थ्य की जिस नीति पर चल रहा है उसमें हमारे आसपास के हर जीव के आरोग्य की चिंता है। भारत मनुष्य-मात्र की रक्षा करने वाले टीकों के साथ ही पशुओं के लिए भी राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान चला रहा है।




## मौसमः पाली में 4 इंच बारिश, कालीसिंध डैम के गेट खोले

जयपुर.

राजस्थान में ब्रेक के बाद मानसून एक बार फिर से एक्टिव हो गया है। बीते 24 घंटे में जयपुर, पाली समेत 10 जिलों में 40 से लेकर 96एमएम तक बरसात रिकॉर्ड हुई है। इधर, गुरुवार सुबह से ही जयपुर शहर में बारिश हो रही है। शहर के अलग-अलग हिस्सों में जलभराव होने से लोगों को परेशानी हो रही है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, 2 दिन बाद बंगाल की खाड़ी में नया स्ट्रॉन्ग सिस्टम बनने की उम्मीद है। इस कारण राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत मध्य भारत के कई हिस्सों में अच्छी बरसात से हो रही है। बुधवार को तेज बारिश शुरू होने के बाद पाली, झालावाड़ में बांधों का जलस्तर बढ़ गया। कालीसिंध बांध का गेट भी खोला गया है। पिछले 24 घंटे में पाली जिले के रानी में सबसे ज्यादा 96एमएम बरसात हुई। रानी के अलावा फालना, देसूरी सहित आस-पास के इलाकों में तेज बारिश से जवाई और हेमावास बांध का जलस्तर बढ़ गया।

झालावाड़ के कालीसिंध डैम के कैचमेंट एरिया में भी 60एमएम बारिश के बाद बांध का जलस्तर बढ़ गया। प्रशासन ने बांध का एक गेट खोलकर 2473 क्यूसेक से ज्यादा पानी की निकासी शुरू करवा दी।



भीलवाड़ा, राजसमंद एरिया में अच्छी बारिश से त्रिवेणी नदी का गेज 3 मीटर पर चल रहा है, जिससे बीसलपुर बांध में 353.15 क्यूसेक पानी की आवक हुई। पाली, झालावाड़ के अलावा राजसमंद, अजमेर, अलवर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, जयपुर, प्रतापगढ़, उदयपुर, दौसा समेत अन्य कई जिलों में बारिश हुई।

### चीन की ताइवान के खिलाफ मिलिट्री ड्रिल

## ताइवान के समुद्री तट के पास 11 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं

### ताइपे ने कहा- हम जंग के लिए तैयार



बीजिंग/ताइपे.

चीन और ताइवान के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी संसद की स्पीकर नैंसी पेलोसी के ताइवान से लौटते ही चीन और एग्रेसिव हो गया है। गुरुवार से चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने ताइवान के ईदगिर्द 6 इलाकों में सैन्य अभ्यास शुरू किया है।

इस बीच, ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि पीएलए ने ताइवान के उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पश्चिमी तट के पास 11 डोंगफेंग बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। ताइवान ने कहा है कि हम जंग नहीं चाहते लेकिन इसके लिए तैयार रहेंगे। ताइवान आने-जाने वाली करीब 50 इंटरनेशनल फ्लाइट्स को कैंसिल कर दिया गया है। इधर, चीन की ओर से दागी गई 5 बैलिस्टिक मिसाइलें जापान के एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन में गिरी हैं। जापान के रक्षा मंत्री नोबुओ किशी ने बताया कि ऐसा पहली बार हुआ है। उन्होंने डिप्लोमैटिक चैनल के जरिए इस घटना का विरोध दर्ज कराया है। चीन ने इस मिलिट्री एक्सरसाइज को लाइव फायरिंग नाम दिया है। चीन के सरकारी मीडिया के मुताबिक, यह मिलिट्री ड्रिल ताइवानी तट से सिर्फ 16 किमी दूर की जा रही है। इसमें असली हथियारों और गोला-बारूद का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह एक्सरसाइज 7 अगस्त तक चलेगी।

चीन पहले यह ड्रिल ताइवान से करीब 100 किमी दूर करता था। लेकिन नैंसी के दौरे के बाद अब बेहद नजदीक पहुंच गया है। पीएलए ईस्टर्न थिएटर कमांड के प्रवक्ता सीनियर कर्नल शी यी ने कहा- लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियारों की टेस्टिंग की जाएगी। चीन ताइवान के आस-पास समुद्र में मिलिट्री ड्रिल कर रहा है। ये इलाका काफी बिजी शिपिंग रूट है। इसी रास्ते से सेमीकंडक्टर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक इक्यिपमेंट्स दुनियाभर में भेजे जाते हैं।

## जयपुर में एक तरफा प्यार में युवती को गोली मारी : दोस्ती करने से मना करने पर किया फायर

जयपुर.

जयपुर में एक तरफा प्यार में पागल युवक ने युवती को गोली मार दी। कंधे में गोली लगने से घायल युवती को एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है। सांगानेर थाना पुलिस ने गोली मारने वाले आरोपी युवक को बुधवार रात गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से एक देसी पिस्टल और कारतूस जब्त किया गया है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी डॉ. राजीव पचार ने बताया कि सेक्टर-7 सांगानेर निवासी 25 वर्षीय युवती को गोली मारी गई। 2 अगस्त की शाम युवती पर कातिलान हमला हुआ। गोली मारकर एक युवक फरार हो गया। कंधे में गोली लगने से युवती लहूलुहान होकर नीचे गिर गई। उसे तुरंत स्व्स हॉस्पिटल के ट्रोमा वार्ड में भर्ती कराया गया। युवती को गोली मारने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल के जांच के बाद हॉस्पिटल में घायल युवती के पर्चा बयान लिए गए। बयान में उसने बताया कि आरोपी उदयराम बैरवा उर्फ बंटी ने उसे गोली मारी है। वह भी उसकी कंपनी में जॉब करता है। एक ही कंपनी में जॉब करने के कारण वह एक-दूसरे को जानते है। पिछले कई दिनों से वह मुझे दोस्ती नहीं रखने पर जान से मारने की धमकी दे रहा था। पुलिस ने तुरंत हमलावर की तलाश शुरू की। बुधवार रात दबिश देकर आरोपी उदयराम बैरवा उर्फ बंटी (25) निवासी श्योपुर मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया गया।

### होटल में बिजनैसमेन ने खाया जहर, मौत

**जयपुर.** जयपुर के होटल में एक बिजनेसमैन ने सोमवार को जहर खाकर सुसाइड कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर होटल रिसेप्शन पर बोला- जल्दी एम्बुलेंस बुलाओ। गंभीर हालत में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बजाज नगर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के परिजनों ने हत्या का शक जाहिर कर मामला दर्ज कराया है। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में मामला सुसाइड का है। सुसाइड के लिए मृतक खुद कीटनाशक ले गया था। उसके मोबाइल में एक लड़की से चैटिंग भी मिली है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भारत में कोरोना के मामले बढ़े

### विशेषज्ञों ने कहा- 'संक्रमण के लक्षण हैं हल्के'

नई दिल्ली।

देश में कोरोना संक्रमण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। बीते 24 घंटे में कोरोना के मामलों में फिर बढोतरी हुई है। देश भर में कोविड के बढते मामलों के बीच गुरुवार को एक विशेषज्ञ ने कहा कि अधिकांश मामलों में लक्षण हल्के पाए जा रहे हैं।

दिल्ली के अपोलो अस्पताल के वरिष्ठ पल्मोनोलाजिस्ट, डा निखिल मोदी ने कहा कि कोविड के मामले निश्चित रूप से बढ़ रहे हैं लेकिन लक्षण हल्के हैं।

डा मोदी ने कहा, कोविड के मामले निश्चित रूप से बढ़ रहे हैं, दिल्ली में भी कल 2000 से अधिक मामले सामने आए। लेकिन अधिकांश रोगियों में बहुत हल्के लक्षण हैं। कामरेडिटीज वाले लोगों के लिए जोखिम के बारे में, डा मोदी ने कहा, मधुमेह और अन्य मुद्दों के साथ 80 से 90 वर्ष की आयु के रोगी हमें रिपोर्ट कर रहे हैं, लेकिन उन सभी में हल्के लक्षण हैं।

दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल के एक वरिष्ठ सलाहकार, डा धीरेन गुप्ता ने कहा कि जो लोग समय पर अपना परीक्षण नहीं करवाते हैं और कोविड-19 उपयुक्त व्यवहार का पालन नहीं करते हैं, उन्हें परेशानी होती है।गुप्ता ने कहा, कुछ लोग कोविड-19 उचित व्यवहार का पालन नहीं करते हैं, लोग उनका परीक्षण तभी करवाते हैं जब वे मुसीबत में पड़ जाते हैं। उन्होंने कहा, कोविड की संख्या बढ़ने का कारण



लोगों का लापरवाह व्यवहार और मास्क नहीं पहनना है। मौसम में बदलाव भी एक कारण हो सकता है।

डा गुप्ता ने यह भी कहा कि कुछ मौतें हुई हैं, जिनमें से अधिकांश की मृत्यु कोविड संक्रमण के बजाय कामरेडिडिटी के कारण हुई है। उन्होंने आगे कहा ज्यादातर मामले हल्के होते हैं और यह फ्लू जैसे लक्षणों की तरह होता है जो हम दो या तीन दिनों के लिए खांसी, बुखार और कभी-कभी तेज बुखार देख रहे हैं। लक्षण आमतौर पर पहले पांच या एक सप्ताह में ठीक हो जाते हैं।

डा गुप्ता ने आगे कहा कि कोरोना अभी तक खत्म नहीं हुई है, तीन महीने पहले संक्रमण के लिए सकारात्मक परीक्षण करने वाले लोग फिर से सकारात्मक परीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वाइन फ्लू के कुछ मरीज अपोलो अस्पताल में भी रिपोर्ट कर रहे हैं। वर्तमान में स्वाइन फ्लू के दो मरीज हैं।

## सम्पादकीय

# आतंक के खिलाफ

अल कायदा नेता अयमन अल-जवाहिरी का मारा जाना आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक अभियानों के इतिहास में एक बड़ी कामयाबी के तौर पर जाना जाएगा। दरअसल, किसी अंतरराष्ट्रीय आतंकी गिरोह के शीर्ष नेताओं तक पहुंचना और दूसरे देश की सीमा में उन्हें मार गिराने के अभियान को अपेक्षित अंजाम तक पहुंचाना आसान काम नहीं रहा है। इससे पहले दुनिया भर में अन्य आतंकवादी संगठनों के मामले में भी इस तरह की जटिलताओं का अनुभव मौजूद था, इसलिए जवाहिरी के मामले में हर स्तर पर सावधानी बरतना स्वाभाविक ही था। इस संबंध में आई खबरों के मुताबिक, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने खुद यह बताया कि उनके निर्देश पर काबुल में ड्रोन हमले में अल कायदा सरगना अल-जवाहिरी मारा गया। इस अभियान के क्रम में पहले हर पल के लिए कार्ययोजना तैयार की गई, नजदीक से जवाहिरी के ठिकाने और उसकी गतिविधियों पर नजर रखी गई और खास बात यह रही कि हमले के लिए ड्रोन और लेजर जैसी आधुनिकतम तकनीक का सहारा लिया गया। यही वजह रही कि इस अभियान के दौरान किसी भी अन्य व्यक्ति की मौत नहीं हुई और ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। अमेरिका में विश्व व्यापार केंद्र पर हमले में हुई तबाही के बाद बीते दो दशकों से दुनिया भर में अल कायदा सहित आतंकी संगठनों की गतिविधियों को जिस रूप में देखा गया है, उसमें जवाहिरी का मारा जाना बेशक एक बेहद अहम कामयाबी है। यह एक जगजाहिर तथ्य है कि अनेक देशों में सख्ती की वजह से ऐसे संगठनों की हरकतों को सीमित किया गया है, मगर आज भी दुनिया अलग-अलग स्तर पर आतंकवाद के कई खतरों का सामना कर रही है।

ग्यारह नवंबर, 2001 को हुए उन हमलों की याद आज भी बहुत सारे लोगों की जेहन में ताजा है और यही वजह है कि विश्व में जवाहिरी के मारे जाने को आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में एक और कदम के तौर पर देखा जा रहा है। खुद बाइडेन ने भी अपनी प्रतिक्रिया में यह बात कही। दरअसल, जवाहिरी भी विश्व व्यापार केंद्र पर हुए हमले का एक मुख्य आरोपी था और ओसामा बिन लादेन के बाद अल कायदा का दूसरे नंबर का नेता था। स्वाभाविक ही, उसके मारे जाने की घटना को वैश्विक आतंकवाद का पर्याय बन चुके ऐसे संगठनों की गतिविधियों को खत्म करने के लिहाज से एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि अफगानिस्तान में अब तालिबान का शासन है और वहां से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद के बाद यह सवाल उठेगा कि इस हमले के लिए क्या संबंधित देश की सहमति की औपचारिकता हासिल की गई थी। मगर आतंकवाद दुनिया भर के लिए जिस स्वरूप में एक जटिल समस्या बन चुका है, उसमें इस पर काबू पाने और खत्म करने के लिए अगर कोई ठोस पहलकदमी होती है तो उससे शायद ही किसी देश को असहमति होगी। आज अफगानिस्तान खुद भी आतंकवाद से जूझ रहा है। इससे उसकी आर्थिक दशा बदतर हो चुकी है और राजनीतिक अस्थिरता कायम है। इसलिए इस समस्या से निपटना खुद उसके लिए भी जरूरी है। जरूरत इस बात की है कि इस समस्या की जड़ों पर चोट किया जाए। कई देशों में आतंकी संगठनों की पैठ अक्सर जिस तरह अक्सर दिख जाती है, उसमें अब भी यह चुनौती बनी हुई है कि अफगानिस्तान सहित किसी और जगह को भी आतंकियों के लिए कोई सुरक्षित पनाहगाह नहीं बनने दिया जाए।

# कैसे साफ होगी गंगा नदी

**कुछ समय पहले संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि उत्तर प्रदेश के निवासियों में होने वाली बीमारियों में से बारह प्रतिशत बीमारियों का कारण प्रदूषित गंगाजल का इस्तेमाल है। यह स्थिति डराती है, क्योंकि गंगा केवल पौराणिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्त्व की ही नदी नहीं हैं, उसका आर्थिक योगदान भी बड़ा है। ढाई हजार किलोमीटर से ज्यादा प्रवाह वाली यह नदी अपने प्रवाह क्षेत्र में दस लाख वर्ग किलोमीटर से अधिक धरती को सींचती है। इसीलिए इतिहास में सबसे अधिक हलचल गंगा के मैदानों में ही देखी जाती है। आज गंगा के प्रवाह क्षेत्र में देश का करीब छब्बीस प्रतिशत भूभाग आता है। गंगा नदी का उद्गम हिमालय क्षेत्र में गंगोत्री से होता है। इसका उत्स एक विशाल हिमनद है, जिसकी लंबाई पच्चीस किलोमीटर, चौड़ाई चार किलोमीटर और ऊंचाई करीब चालीस मीटर है। इस हिमनद में नंदा देवी, कामत पर्वत और त्रिशूल पर्वत की बर्फ पिघल कर आती है। गोमुख से निकलने वाली धारा को भागीरथी कहा जाता है। अलकनंदा और मंदाकिनी से मिलने के बाद गंगा की मुख्यधारा सृजित होती है।**

**एक** मोटे अनुमान के अनुसार गंगा के सफाई अभियान से जुड़ी योजनाओं पर पच्चीस हजार हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च हो चुकी है। किसी भी विकासशील देश के लिए किसी एक संकल्प को पूरा करने के लिए यह राशि कम नहीं होती। गंगा करोड़ों भारतीयों की आस्था का केंद्र है। माना जाता है कि यदि मरते समय व्यक्ति के मुंह में गंगाजल की दो बूंदें हों तो उसे मुक्ति मिल जाती है। लेकिन जिस नदी के जल के बारे में यह माना जाता रहा है कि उसका आचमन भी अमृतपान सरीखा सुख देने वाला है, वही नदी पिछले कई दशकों से प्रदूषण से जूझ रही है। हालत यह है कि अब वही गंगाजल नदी के प्रवाह के रास्ते में अनेक स्थानों पर आचमन लायक भी नहीं रह गया। ऋषिकेश से करीब एक सौ उनतालीस किलोमीटर पहले रुद्रप्रयाग नामक स्थान पर अलकनंदा और मंदाकिनी का संगम होता है। अलकनंदा को विष्णुगंगा भी कहा जाता है। दो सौ किलोमीटर का सकरा रास्ता तय करने के बाद जब गंगा नदी हरिद्वार में मैदानी क्षेत्र का स्पर्श करती है तो उसका प्रवाह बहुत उद्दाम हुआ करता था। बहरहाल, बांधों ने नदी के उल्लास के पांवों में जंजीर बांध दी। गंगा का वेग अपने साथ अनेक प्रकार के अपशिष्टों को भी ले जाता था। नदी के प्रवाह को तो बांध दिया गया, लेकिन नदी जल में अपशिष्टों का प्रवाह समय के साथ इतना बढ़ता गया कि अनेक स्थानों पर गंगा जैसी नदी अपनी स्थिति पर आंसू बहाती प्रतीत होती है। हालांकि गंगा नदी के शोधन के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास साढ़े तीन दशक से भी अधिक समय से चल रहे हैं, लेकिन कई कारणों से उन कोशिशों के अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहे।

पिछले दिनों राष्ट्रीय हरित पंचाट (एनजीटी) ने गंगा नदी की सफाई का काम अपेक्षित गति से नहीं होने पर अपना क्षोभ प्रकट किया। यह क्षोभ अकारण नहीं है। सन 1984 से तो गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त कराने के लिए शुरू की गई योजनाओं पर भारी-भरकम धन खर्च होता रहा है। एक मोटे अनुमान के अनुसार गंगा सफाई अभियान से जुड़ी योजनाओं पर पच्चीस हजार हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च हो चुकी है। किसी भी विकासशील देश के लिए किसी एक संकल्प को पूरा करने के लिए यह राशि कम नहीं होती। गंगा को प्रदूषण मुक्त कराने में यदि सफलता मिल जाती तो यह खर्च तर्क संगत प्रतीत होता, लेकिन विसंगति यह है कि अभी भी गंगा को प्रदूषण मुक्त करने के संदर्भ में हालात नौ दिन चले अढाई कोस जैसे ही प्रतीत होते हैं। ऐसे में एनजीटी सहित हर संवेदनशीन व्यक्ति और संगठन के मन का क्षुब्ध होना स्वाभाविक है।

गंगा में बढ़ते प्रदूषण की ओर पर्यावरण एजंसियों का ध्यान पहली बार सन 1979 में गया था। फिर सन् 1984 में जब केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने गंगा के प्रदूषण पर चिंता जताई तो अगले ही साल गंगा एक्शन प्लान की शुरुआत की गई। इसे गंगा कार्य योजना भी कहा जाता है। पंद्रह साल चलने के बाद और नौ सौ करोड़ रुपए से अधिक खर्च कर देने के बाद भी इस योजना को मार्च 2000 में इसलिए बंद कर दिया गया क्योंकि कार्य योजना अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रही थी। दरअसल इसके पहले ही सन 1993 में गंगा कार्य योजना- द्वितीय शुरू



कर दी गई थी। इसमें यमुना, गोमती ओर गोदावरी को भी शामिल कर दिया गया था। सन 1996 में इस योजना को राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना में मिला दिया गया। फिर फरवरी 2009 में राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन अथारिटी नामक संस्था का गठन किया गया और कार्य योजना में गोमती, गोदावरी, दामोदर और महानंदा नदियों को भी शामिल कर लिया गया। सन 2011 में गंगा नदी की सफाई के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन का गठन एक पंजीकृत सोसायटी के तौर पर किया गया। फिर 2014 में नमामि गंगे कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। गंगा से लोगों के जुड़ाव को समझते हुए ही इसे प्रदूषण मुक्त कराने को दुनिया के सबसे बड़े संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न गणराज्य के लिए एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा माना जा रहा है। गंगा का पानी यदि प्रदूषण मुक्त नहीं हुआ तो पूरे देश की भावनाओं से खिलवाड़ होगा। एक मोटे अनुमान के अनुसार हर दिन करीब दो लाख लोग गंगा में डुबकी लगाते हैं। यदि गंगाजल में गहराया प्रदूषण श्रद्धालुओं के लिए किसी भी प्रकार के संक्रमण का सबब बनता है तो यह अच्छा नहीं होगा। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में न्यूयार्क के मैडिसन स्क्वायर में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा था- ''अगर हम गंगा नदी को साफ करने में सक्षम हो गए तो वह देश की चालीस फीसद आबादी के लिए एक बड़ी मदद साबित होगी। अत: गंगा की सफाई का आर्थिक एजेंडा भी है।'' नदी के प्रदूषण का एक बड़ा कारण उसके किनारे बसे शहरों का अपरिशोधित मल और अन्य गंदगी, कारखानों के अपशिष्ट पदार्थों सहित समस्त गंदगी नदी में फेंक देने की मानसिकता और परंपराएं शामिल हैं। आज भी बहुत सारे शव इस विश्वास के साथ गंगा में बहा दिए जाते हैं कि उसके स्पर्श मात्र से ही दिवंगत आत्मा को मुक्ति मिल जाएगी। नदी किनारे संपन्न होने वाले अनुष्ठानों का अपशिष्ट भी नदी में प्रवाहित कर दिया जाता है। गंगा किनारे बसे शहरों में नदी घाट के किनारे बहती पूजा सामग्री इसका बड़ा प्रमाण है।

बेशक नमामि गंगे योजना के तहत गंगा किनारे बसे शहरों में चार दर्जन से अधिक कारखानों को बंद कर दिया गया हो और नदी किनारे मल-मूत्र विसर्जित करने की आदत को भी हतोत्साहित किया जा रहा हो, लेकिन अधिकारिक स्तर पर ही यह स्वीकार किया गया कि अभी भी गंगा किनारे बसे शहरों की कुल शुद्धिकरण क्षमता उस मात्रा की साठ प्रतिशत ही है जितनी मात्रा में सीवरेज की गंदगी नदी में गिरती है।

## आज का राशिफल

### मेष
व्यापार के लिए आज का दिन लाभदायी है। परिवार का आनंददायी वातावरण भी आप के मन को खुश रखने में सहायता करेगा। घर में सुखदायी घटना घटेगी। शारीरिक स्वास्थ्य में वृद्धि होगी। आप को सहयोगियों का साथ मिलेगा।

### वृषभ
आज बौद्धिक चर्चाओं से दूर रहें। विद्यार्थियों के लिए समय कठिन है। मन में चिंता बनी रहेगी। लोग आपके काम और व्यवहार की तारीफ कर सकते हैं। महिलाओं को मायके से अच्छे समाचार मिलेंगे।

### मिथुन
आज आप में ताजगी का अभाव रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होने की भी संभावना है। स्थायी संपत्ति को लेकर आज आपके प्रयास सही दिशा में आगे नहीं बढ़ेंगे। आकस्मिक धन की संभावना रहेगी।

### कर्क
आज का दिन आध्यात्मिक सिद्धि प्राप्त करने के लिए अच्छा है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रखेगा। आज आप कुछ अधिक ही संवेदनशीलता का अनुभव करेंगे। दोपहर के बाद किसी बात की चिंता आपको हो सकती है।

### सिंह
आज आप मधुरवाणी से किसी काम को आसानी से सफल बना पाएंगे। परिवार के लोगों के साथ आनंद से समय बिताएंगे। दोपहर के बाद भी किसी काम में बिना सोचे समझे निर्णय ना लें। आपको अपनों से लाभ होगा।

### कन्या
आज का आपका दिन शुभ फलदायी है। अपनी वाणी से आप लाभदायी और प्रेम भरे सम्बंध स्थापित कर सकेंगे। आपकी वैचारिक समृद्धि अन्य जनों को प्रभावित कर सकेगी। व्यापार के लिए आज का दिन लाभदायी होगा।

### तुला
आकस्मिक खर्च हो सकता है, इसमें आपको सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। कोर्ट-कचहरी के काम से आज संभलकर चलें। दोपहर के बाद स्थिति में सुधार होगा। कोई चिंता दूर होगी। परिजनों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे।

### वृश्चिक
आपको अनेक क्षेत्र में लाभ और यश प्राप्त होगा। परिजनों या दोस्तों के साथ बाहर घूमने जाने का अवसर मिलेगा। दोस्तों के बाद आप को शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता का अनुभव करना पड़ेगा।

### धनु
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। व्यापार में लाभ भी होगा।

### मकर
आज का दिन पूरी तरह से शुभ फलदायी है। इंपोर्ट-एक्सपोर्ट का काम करने वाले लोगों को फायदा होगा। किसी दोस्त या रिश्तेदार से मिले अच्छे समाचार से आपका मन प्रफुल्लित होगा। धार्मिक यात्रा की संभावना है।

### कुंभ
आज मन पर किसी बात की खुशी बनी रहेगी। लोगों से गुस्से में बात ना करें। परिजनों के साथ वाद-विवाद में न पड़ें। दोपहर के बाद स्वजनों तथा मित्रों के साथ आप का समय अच्छा गुजार सकेंगे। धार्मिक यात्रा हो सकती है।

### मीन
आज का दिन दैनिक कामों में आपको शांति देगा। किसी मनोरंजक स्थल पर मित्रों या परिजनों के साथ जाना हो सकता है। व्यापार में भागीदारों के साथ व्यवहार अच्छा रहेगा, परंतु दोपहर के बाद आपका स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहेगा।

## व्यापार समाचार

# मूल कंपनी की देनदारी विलय के ही दिन देने की जरूरत नहीं : एचडीएफसी बैंक

नई दिल्ली।

एचडीएफसी लि. के एचडीएफसी बैंक में विलय के बाद उसकी देनदारी बैंक को स्थानांतरित कर दी जाएगी। विलय के पहले दिन ही उन बकायों के भुगतान की जरूरत नहीं पड़ेगी। एचडीएफसी बैंक ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बही खाते के आकार के अनुसार निजी क्षेत्र के देश के सबसे बड़े बैंक में उसकी मूल कंपनी हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन लि. (एचडीएफसी लि.) का विलय हो रहा है।




एचडीएफसी बैंक ने कहा कि उसने एचडीएफसी लि. की देनदारी के भुगतान को लेकर कोष जुटाने की किसी भी योजना को मंजूरी नहीं दी है। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, ''प्रस्तावित विलय योजना के तहत, एचडीएफसी लि. की देनदारी बैंक को स्थानांतरित हो जाएगी। परिपक्व होने पर उस देनदारी की अदायगी बैंक करेगा।'' एचडीएफसी बैंक को एचडीएफसी लि. की देनदारी विलय के पहले ही दिन भुगतान करने की जरूरत नहीं है। अगर संयोगवश विलय के दिन ही किसी कर्ज की अदायगी की तारीख है, तो यह अलग बात है। निजी क्षेत्र के बैंक को एचडीएफसी लि. के स्वयं में मिलाने को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) समेत अन्य आवश्यक मंजूरियां मिल गई हैं। दोनों वित्तीय संस्थानों ने इस साल अप्रैल में विलय की घोषणा की थी। एचडीएफसी बैंक ने मीडिया में आई रिपोर्ट के स्पष्टीकरण में यह बात कही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि विलय के अमल में आने के बाद एचडीएफसी बैंक को एचडीएफसी लि. की देनदारी के भुगतान को लेकर 2,200 अरब रुपये जुटाने की जरूरत होगी। बैंक ने कहा कि खबर तथ्यात्मक रूप से गलत और अटकलों पर आधारित है।

# सेबी 25 अगस्त को करेगा सुमंगल इंडस्ट्रीज जीएसएचपी रियल्टेक की संपत्तियों की नीलामी

नई दिल्ली।

बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह दो कंपनियों सुमंगल इंडस्ट्रीज और जीएसएचपी रियल्टेक लिमिटेड की संपत्तियों की 25 अगस्त को नीलामी करेगा। इन कंपनियों द्वारा निवेशकों से गैरकानूनी तरीके से जुटाए गए धन की वसूली को नियामक इनकी संपत्तियों की नीलामी करने जा रहा है। सेबी ने सार्वजनिक नोटिस में



कहा है कि इन कंपनियों की कुल आठ संपत्तियों की 9.8 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य पर नीलामी की जाएगी। नीलामी 25 अगस्त को ऑनलाइन माध्यम से होगी। इन आठ संपत्तियों में से छह सुमंगल इंडस्ट्रीज की और दो जीएसएचपी रियल्टेक लिमिटेड की हैं। इनमें भूमि, कई मंजिला इमारतें और पश्चिम बंगाल में स्थित एक फ्लैट शामिल हैं। सेबी ने कहा कि उसकी जांच में ऐसा पता चला है कि जीएसएचपी रियल्टेक ने 2012-13 में गैर-परिवर्तनीय विमोच्य डिबेंचर जारी कर 535 लोगों से धन जुटाया था।






## आकाशीय बिजली गिरने से किसान महिला की मौत



पुखराज तानाण

**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** बड़ी खाटू पुलिस थाना क्षेत्र के पिंडिया गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मैनादेवी पत्नी धर्माराम उम्र 30 साल जाति देवासी निवासी पिंडियां व उसकी देवरानी मंजू अपने खेत मे खेती का काम कर रही थी। तभी आकाशीय बिजली गिरने से मैनादेवी की मृत्यु हो गई। बड़ी खाटु थाना पुलिस के हेड कांस्टेबल रामचंद्र व पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए राजकीय चिकित्सालय जायल लेकर पहुंचे। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

## मिठड़ी मारवाड़ में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



अबूबकर बल्खी

**लाडनू( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी मारवाड़ में सुमन सेवा समिति के तत्वाधान में सुमन चौधरी की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीठड़ी मारवाड़ में आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में आसपास के युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ रक्तदान किया। नर्सिंग अधिकारी संदीप कुमार पुनिया ने रक्तदान शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि आज के रक्तदान शिविर में आसपास व दूरदराज के बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं ने स्वस्थ् रहने के लिए रक्तदान किया, जिससे कुल 154 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। इस दौरान संदीप पुनिया, लक्षिता चौधरी, स्थानीय व्याख्याता चंद्राराम मेहरा, राजेंद्र बीरडा, ध्यावा सरपंच नीरज डूकीया, ओम प्रकाश साहू, बाबूलाल महला, कांस्टेबल मनोज, नाथू सिंह शेखावत, हरदयाल , मुस्तफा खान आदि ने सहयोग किया।

## युवा विकास मंच ने गायों को महामारी से बचाव के लिए पशु चिकित्सकों से की चर्चा



पुखराज तानाण

**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** बड़ी खाटू कस्बे के युवा विकास मंच के अध्यक्ष परमवीर सिंह व मंच के सदस्यों ने पशु चिकित्सकों के साथ पशुओं को महामारी से बचाव के लिए चर्चा की। पशु कम्पाउंडर नरेन्द्र, सुनिल से गायों मे चल रही इस लम्पिस महामारी के बारे मे चर्चा की। जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत क्षेत्र के पशु चिकित्सालय मे ना कोइ सरकारी दवाई है ना कोइ इस बिमारी की रोकथाम के लिए सरकार के पास स्थाई इलाज अभी निकला है। जिसको लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बताया कि हाल ही में पंचायत मे तीन गोवंश को यह बिमारी है एक गाय खियाबास मे , स्कूल के पास नाडी मे, एक धुलकोट मरी हुई है। और एक गाय दिपेश्वर गोशाला मे संक्रमित है। ऐसे में हम सब को मिलकर पशु चिकित्सको का सहयोग करना चाहिए। पिछले तीन दिन से युवा विकास मंच टीम गायों की रक्षा के लिए पशु चिकित्सको का सहयोग कर रही है।

### पशु चिकित्सक राम कैलाश ने किया निरीक्षण

महामारी को लेकर जायल पशु चिकित्सालय के चिकित्सक राम कैलाश ने बड़ी खाटू पशु चिकित्सालय व क्षेत्र का निरीक्षण किया।उन्होंने महामारी से पीड़ित पशुओं का आंकड़ा जाना। और उनके उपचार के लिए उचित दिशा निर्देश दिए।

## आगामी आदेशों तक नही करेंगे सरकारी कार्य - सेवदा

### ग्राम विकास अधिकारी संघ ने की हड़ताल की घोषणा

जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ की ओर से आठ सूत्री मांगों को लेकर पंचायत समिति मुख्यालय पर गुरुवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की। संघ के अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद सेवदा की अगुवाई में संघ ने वादाखिलाफी आक्रोश आंदोलन के तहत हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया। आगामी आदेश तक राजकीय कार्यों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। संघ ने कलम एवं चाबी ब्लॉक अध्यक्ष को सौंपी। अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद सेवदा ने बताया कि प्रशासन गांवों के संग अभियान के दौरान 1 अक्टूबर 2021 को मुख्यमंत्री कार्यालय में हुए समझौते एवं 11 दिसंबर 2021 को पंचायती राज मंत्री के साथ हुए लिखित समझौते के आदेश 30 से 45 दिन में जारी होने थे, लेकिन अधिकारी अब उन आदेशों को दबाए बैठे हैं। 30 से 45 दिनों में मांगों पर आदेश जारी करवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन लिखित समझौते के 9 माह बीतने के बाद भी अभी तक उनकी मांगो को सरकार की ओर से पूरा नहीं किया गया है। ऐसे में ग्राम विकास अधिकारियों को फिर से आन्दोलन की राह पकडनी पड़ी है। सरकार संघ की मांगों पर अमल करें।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद सेवदा, रामप्रेम ओलण, अभिषेक गैना, नंदकिशोर टाक, प्रवीण सिंह भाटी, रमेश जाजड़ा, सुरेश कुमार मीणा, ईश्वर दत्त शर्मा, महेशकुमार दायमा, नरपत सिंह राजपुरोहित, नोरतमल,महेंद्र कुमार, तूफान सिंह मीणा, सुमन सहित अन्य ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक ऑफलाइन व ऑनलाइन सरकारी कार्य का रहेगा बहिष्कार

### खींवसर में असहयोग आंदोलन पर उतरे वीडीओ

हुकमाराम ताडा



**खींवसर( नागोर डेली न्यूज़ ) :** खींवसर उपखंड मुख्यालय पर राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ असहयोग आंदोलन पर उतरे हैं। जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक ऑफलाइन व ऑनलाइन सरकारी कार्य का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। गुरुवार को पंचायत समिति कार्यालय परिसर के बाहर ब्लॉक क्षेत्र के समस्त ग्राम विकास अधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष भंवरा राम गोदारा के नेतृत्व में असहयोग आंदोलन पर उतर गए है। जिलाध्यक्ष मेहराम चौधरी ने बताया कि पंचायती राज मंत्री के साथ ग्राम विकास अधिकारी संघ का लिखित में समझौता हुआ था। उसके वादाखिलाफी आक्रोश आंदोलन में सभी ग्राम विकास अधिकारी ने शपथ लेते हुए ब्लॉक अध्यक्ष को कलम और रिकॉर्ड की चाबी सुपुर्द की। आपको बता दें कि ग्राम विकास अधिकारी संघ के आह्वान पर खींवसर ब्लॉक के ग्राम विकास अधिकारी भी गुरूवार से असहयोग की राह पर चल पड़े हैं। खींवसर पंचायत समिति के सभी ग्राम विकास अधिकारियों ने मिलकर गुरूवार को अपनी अपनी ग्राम पंचायत के रिकार्ड रूम की चाबी अपने ब्लॉक अध्यक्ष भंवरा राम गोदारा को सौंप दी है।

**वीडियो को सौंपी चाबी :** संघ के अर्जुन राम बेनीवाल व हरभजन सिंह ने बताया कि हमने ईश्वर को साक्षी मानते हुए राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के संविधान की शपथ ली है। ग्राम विकास अधिकारी सोनी व माणकलाल चौधरी ने बताया कि संगठन से आगामी निर्देशों के मिलने तक कोई भी वीडीओ राजकार्य में सहयोग नहीं करेगा। जन्म मृत्यु पंजीयन से लेकर भुगतान तक किसी भी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया जाएगा। पूर्व मे ग्राम विकास अधिकारी संघ अपनी मांगो को लेकर पूर्व में आंदोलन कर चुका है। आंदोलन के समय सरकार और संघ के बीच लिखित समझौता हुआ था। इसके बावजूद भी उस समझौते के अनुरूप अभी तक कोई आदेश जारी नही हुए हैं। इसी को लेकर सभी वीडीओ गुरूवार को अपनी कलम और रिकार्ड आलमारी की चाबी संघ के ब्लाक अध्यक्ष को सौंप दी है।

**ये रहे मौजूद :** इस दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों के वीडीओ उपस्थित रहे इनमें ओम प्रकाश, हनुंवतसिंह, जसाराम गौड़, ओमाराम, हरभजन सिंह, बीजा राम, माणक लाल चौधरी, लक्ष्मण राम, कुंभाराम, मुन्ना राम, जितेंद्र, अर्जुन राम बेनीवाल सहित मौजूद रहे।

## ठाकुर बालसिंह ट्रस्ट का हुआ गठन

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनूँ के पूर्व विधायक ठाकुर मनोहर सिंह के निवास पर गणमान्य लोगों की उपस्थिति में ठाकुर बाल सिंह ट्रस्ट का गठन किया गया व इसके उचित रखरखाव, सार संभाल के लिए 21 सदस्यों की कोर कमेटी का भी गठन किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक ठाकुर मनोहर सिंह को मुख्य ट्रस्टी एवं संरक्षक घोषित किया गया व कुंवर करणी सिंह को सर्वसम्मति से इस ट्रस्ट का अध्यक्ष बनाया गया व राजश्री शेखावत को ट्रस्ट सदस्य, लक्ष्मण सिंह पूर्व सेशन न्यायाधीश संरक्षक, पदम सिंह रोडू को रोडू ट्रस्ट सदस्य, एडवोकेट हिम्मत सिंह, लादू सिंह धुड़िला, प्रताप सिंह कोयल, भवानी सिंह को सदस्य नियुक्त किया गया। एडवोकेट गोविंद सिंह कसुंबी को ट्रस्ट का सचिव वही कोष अध्यक्ष मोहन सिंह जोधा, कार्यक्रम संयोजक गोविंद सिंह जोधा नियुक्त हुए।

## जिला कलक्टर ने की ग्राम जिलिया में पंचायत स्तरीय जनसुनवाई



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** गुरूवार को उपखण्ड कुचामन की समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। उक्त जनसुनवाई की समीक्षा मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार के द्वारा विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से की गई। ग्राम पंचायत जिलिया में जिला कलक्टर, नागौर की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आमजन द्वारा समस्याओं से संबंधित 24 परिवाद जिला कलक्टर, नागौर के समक्ष पेष किये गये। जिला कलक्टर द्वारा संबंधित विभागाध्यक्ष को मौके पर ही परिवाद निस्तारण के निर्देष दिये गये। इस जनसुनवाई में जिला षिक्षा अधिकारी, जिला रसद अधिकारी, अधिक्षण अभियन्ता, अविविनिलि, सहायक श्रम आयुक्त आदि जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार कुचामन सिटी, विकास अधिकारी, कुचामन सिटी सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## लंपी की रोकथाम को लेकर मूंडवा हुआ अलर्ट, पशुपालन विभाग के साथ-साथ समाजसेवी युवा भी आए आगे

**ओम गणेश मित्र मंडल के युवाओं ने स्वप्रेरणा से आगे होकर लंपी की रोकथाम के लिए तैयार किया आयुर्वेदिक काढ़ा**



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा ( नागौर डेली न्यूज )।** मारवाड़ मूंडवा में इन दिनों गायों में फैली लंपी बीमारी से हालात भयावह होते जा रहे हैं। प्रतिदिन इससे गायों में संक्रमण बढ़ रहा है। कई गायों की मौत हो रही है। गुरूवार को इसकी रोकथाम को लेकर पशु पालन विभाग के साथ साथ समाज सेवी युवाओं ने मिलकर मूंडवा में अभियान चलाया। मूंडवा शहर की गली गली, आस पास नाडी तालाब, गौचर में विचरण करने वाली लंपी से पीड़ित प्रत्येक गौवंश को आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाया। इस दौरान बाडी गली के ओम गणेश मित्र मंडल के युवाओं ने स्वप्रेरणा से आगे होकर लंपी की रोकथाम के लिए आयुर्वेदिक काढ़ा तैयार करते हुए प्रत्येक पीडित गौवंश को पिलाया गया।

### इन लोगों की टीम ने मिलकर किया कार्य

इस अभियान में पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष कंदोई, विशाल कंदोई, दामोदर गौड़, विनोद गौड़, पवन, मनोज गौड़, चंद्रप्रकाश सीपी गौड़, दीपक, गणेश राव, संजय पालीवाल, विजय, रतन, रमाकांत, विशाल गौड़, प्रदीप, दीपक वैष्णव, सुनील वैष्णव, अभिषेक, टमु गौड़, आरिफ खत्री, नटवर राव, राजाराम वैष्णव सहित ओम गणेश मित्र मंडल के सभी सदस्य सम्मिलित थे।

## अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

### अवैध शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार

हुकमाराम ताडा



**खींवसर( नागोर डेली न्यूज़ ) :** खींवसर उपखंड के भावंडा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध शराब सहित दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शिलगांव में कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से 14 पेटी अवैध अंग्रेजी, देसी, बीयर को सीज किया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी हरसुखराम पुत्र आईदान राम जाति जाट उम्र 60 साल निवासी शीलगांव व रामप्रकाश पुत्र हरसुखराम जाति जाट उम्र 33 साल निवासी शीलगांव को गिरफ्तार किया है। भावंडा थाना अधिकारी सिद्धार्थ प्रजापत के नेतृत्व में कार्यवाही की गई। कार्रवाई में जगदीश हेड कांस्टेबल रिचपाल कांस्टेबल सुरेश कांस्टेबल मंगलाराम ड्राइवर सहित शामिल रहे। थाना अधिकारी ने बताया कि आबकारी अधिनियम में पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दी।

## स्कूली बच्चों के लिए सेवा कार्य कर मनाया जन्मदिन

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट के तत्वावधान में मनोज डालुका ने अपनी बिटिया श्रेया का जन्मदिन गांव कुकनवाली के शहीद बजरंगसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बच्चों के लिए सेवा कार्य कर मनाया।

श्रेया ने अपने चाचा क्लब सचिव लॉयन विशाल डालुका, अध्यक्ष लॉयन द्वारकाप्रसाद कुमावत, संस्थापक अध्यक्ष लॉयन राम काबरा के सानिध्य में विद्यालय पहुंचकर बच्चों को बैग एवं शिक्षण सामग्री वितरित की। इस दौरान लॉयन राम काबरा ने कहा फिजूलखर्ची कर जन्मदिन मनाने के बजाय सेवा कार्य कर मनाना अनुकरणीय है निश्चित रूप से इससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है तथा उन्होंने बच्चों को 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा फहराकर आजादी का अमृत महोत्सव मनाने का आह्वान किया।

लॉयन द्वारकाप्रसाद कुमावत ने कहा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से क्लब द्वारा राजकीय विद्यालयों में सेवा कार्य निरंतर जारी है। लॉयन विशाल डालुका ने कहा नेक कार्य कर जन्मदिन मनाने से दिल को सुकून मिलता है एवं अपने जीवन के महत्वपूर्ण दिनों की खुशियां भी कई गुणा बढ़ जाती है। प्रधानाचार्य शिवप्रसाद ने श्रेया को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए डालुका परिवार एवं लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट का आभार व्यक्त किया। व्याख्याता मुकेश माथुर, लक्ष्मणराम, गजानंद, राहुलदेव, रामेश्वरलाल, श्यामसुंदर, मदनदान, धन्नाराम, सतीशकुमार आदि उपस्थित रहे।

## आर्यन अध्यक्ष व नवीन उपाध्यक्ष चुने गए




### शारदा बाल स्कूल में बाल संसद चुनाव संपन्न

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** आदर्श शिक्षण संस्थान नागौर द्वारा संचालित शारदा बाल निकेतन माध्यमिक डेगाना में बाल संसद चुनाव की घोषणा व शपथग्रहण कार्यक्रम सम्पन हुआ। प्रधानाचार्य गणपत राम खटकड बताया कि बाल संसद चुनाव के माध्यम से विद्यार्थियों में लोकतंत्र के महत्व के बारे में जानकारी एवं नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष बाल संसद में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव पदो के परिणाम घोषित किए गए चुनाव प्रभारी दीपक पारीक के द्वारा परिणाम की घोषणा की गई। बाल भारती में अध्यक्ष पद पर आर्यन मुणडेल उपाध्यक्ष पद पर नवीन चंदेल सचिव पद पर केशव वैष्णव तथा कन्या भारती मे अध्यक्ष पद पर लक्ष्मी देवजानी, उपाध्यक्ष पद पर वन्दना चौधरी अनिता चौधरी सचिव पद पर मोनिका थारोल निर्वाचित रहे।

जगदीश नाथ द्वारा गोपनीयता की शपथ दिलाई गई व निर्वाचित भैया बहिन को माला पहनकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर आचार्य जगदीश राम, गोविन्द राम, सरोज मातवा, जितेन्द्र कमलेश वैष्णव, रेखा टेलर, ममता, रेखा पलिया सुशीला कंवर, भंवरलाल, हरिराम मौजूद रहे।

## मौलासर में ग्राम विकास अधिकारी संघ ने कार्यो का किया बहिष्कार

कमल सैन



**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ वादाखिलाफी आक्रोश आन्दोलन के अगले चरण के रूप में गुरुवार को ग्राम विकास अधिकारी संघ उपशाखा मौलासर ने आगामी निर्देशों तक राजकीय कार्यों में पूर्णत: असहयोग करते हुए पंचायत समिति परिषर में एकत्रित होकर शपथ ली। अध्यक्ष हनुमान ने बताया कि उपशाखा मौलासर ग्राम विकास अधिकारी संघ ने कार्यो का बहिष्कार करते हुये प्रदत्त दायित्वों का किसी प्रकार का निर्वहन नहीं करेंगे। जन्म-मृत्यु पंजीयन से लेकर भुगतान आदि तक का कोई कार्य निष्पादित नहीं करेंगे। उन्होंने ने बताया कि हमारी कलम और रिकॉर्ड की चाबी ब्लॉक अध्यक्ष को सुपुर्द कर दी हैं और इन्हें तब तक वापस प्राप्त नहीं करेंगे, जब तक प्रदेश नेतृत्व के आगामी निर्देश प्राप्त नहीं होते है। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी कुम्भाराम मूंड ,सुभाष कुमार पूनिया, घनश्याम शर्मा, महेश कुमार डोडवाडिया, जगदीश प्रसाद चौधरी, सुरेन्द्र कुमार कुमावत, प्रदीप जाखड, मनीष मीना, आनंद कुमार, गणेश थोरी, राजू कुमावत, कपिल भाटी, शाहबाज खान सहित ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में 54 हजार से अधिक आवासों के प्रस्ताव स्वीकृत

जयपुर।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत प्रदेश के अल्प आय वर्ग के 54 हजार से अधिक परिवारों का अपना घर का सपना साकार हो सकेगा। मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा की अध्यक्षता में गुरूवार को शासन सचिवालय में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की स्टेट लेवल सेंक्शनिंग एण्ड मॉनिटरिंग कमेटी (एसएलएसएमसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगरीय निकाय, विभिन्न विकास प्राधिकरण एवं यूआईटी के परिधि क्षेत्र में आने वाले गांवों के चिन्हित लाभार्थियों के लिए 54 हजार 665 आवासों के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई।



# हरियाणा के लूटेरों ने लूटा था पांचवा में सुनार को

## स्थानीय लोगो ने की थी मुखबिरी

- पांचवा में सुनार की दुकान पर हुई 70 लाख रूपयों की लूट का पर्दाफाश
- वारदात में प्रयुक्त स्कॉर्पियों कार भी बरामद

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** समीपस्थ ग्राम पांचवा गांव में हुई करीब 70 लाख रूपयें कीमत के सोने की लूट मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने पूरे मामले का पर्दाफाश करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस पूरे प्रकरण को खोलने में चित्तावा पुलिस थानाधिकारी हरीराम जाजून्दा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी दिपेन्द्र उर्फ ढिल्लो पुत्र महेन्द्र सिंह धनकड़ जाति जाट उम्र 30 साल निवासी सतनालीबास थाना सतनाली जिला महेन्द्रगढ, हरियाणा व हीरालाल उर्फ हीरा पुत्र दौलाराम जाति जाट उम्र 35 साल निवासी कुकनवाली पुलिस थाना चित्तावा को गिरफ्तार किया है।

### स्थानीय लोगो ने दी सूचना और हरियाणा के लूटेरें लूट ले गए माल

जानकारी के अनुसार इस पूरे प्रकरण में पांचवा व आसपास के क्षेत्र के अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आ सकती है। दरअसल स्थानीय बदमाशों ने ही हरियाणा के लूटेरों को यहां बुलवाकर बड़ी डकैती करवाई। पुलिस का मानना है कि अभी अन्य कई स्थानीय लोगो के नाम इस घटना में सामने आ सकते है।

### ये था मामला-

29 जुलाई 2022 को दोपहर बाद करीब 3 बजे जरिये टेलिफोन थाना चित्तावा पर ईतला मिली कि ग्राम पांचवा में अज्ञात मुलजिमान द्वारा हथियार की नौंक पर डकेती की वारदात को अंजाम देकर भाग गये है। इसके बाद नागौर व आसपास के जिला में नाकाबंदी करवाई गई। प्रार्थी मुकेश कुमार पुत्र मूलचन्द सोनी निवासी पांचवा ने रिपोर्ट दी थी कि मैं पांचवा में अपनी सुनार की दुकान पर रोज की तरह काम कर रहा था। दोपहर में एक बौलेरों आई व गाड़ी में से मुंह पर कपड़ा बांधे हुए अज्ञात व्यक्ति उतर कर दुकान में आये जिनसे से एक व्यक्ति के पास पिस्तोलनुमा हथियार था, जिन्होंने कनपटी पर रखकर दुकान में से 1300 ग्राम सोना, चॉंदी के जेवरात तैयार किये हुए व गल्ले में से 2 लाख रूपये लेकर भाग गए।



### कुकनवाली के हीरालाल ने की थी रैकी, हरियाणा के महेन्द्र को अपने घर पर भी ठहराया

मुखबिर की ईतला पर संदिग्ध हीरालाल जाट निवासी कुकनवाली थाना चित्तावा से सख्ती से पूछताछ करने पर वारदात का खुलासा हुआ। घटना से पूर्व रैंकी कर अपराधियों को शरण देने व वारदात में वाहन उपलब्ध करवाने वाले हीरालाल उर्फ हीरा पुत्र दौलाराम जाति जाट उम्र 35 साल निवासी कुकनवाली पुलिस थाना चितावा व मुख्य आरोपी दिपेन्द्र उर्फ ढिल्लो पुत्र महेन्द्र सिंह धनकड़ जाति जाट उम्र 30 साल निवासी सतनालीबास थाना सतनाली जिला महेन्द्रगढ राज्य हरियाणा को गिरफ्तार किया गया।

### पुलिस की कड़ी मेहनत से कानून के शिकंजे में आए लूटेरें

घटना की गम्भीरता को देखते हुए राममूर्ति जोशी, पुलिस अधीक्षक नागौर द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर गणेशराम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुचामनसिटी तथा विमलिसिंह नेहरा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, डीडवाना के सुपरविजन में संजीव कटेवा वृताधिकारी वृत कुचामनसिटी, हरिराम थानाधिकारी पुलिस थाना चितावा, हनुमानसिंह पु.नि. थानाधिकारी कुचामनसिटी, धर्मेश दायमा पु.नि. थानाधिकारी नावां शहर व खेताराम उ.नि. थानाधिकारी मारोठ के साथ वृत क्षेत्र के जाप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय कुचामनसिटी व जिला कार्यालय से साईबर सेल की टीम बनाई जाकर अज्ञात मुलजिमान की तलाश शुरू की गईं। टीम द्वारा लगातार प्रयास कर घटना में प्रयुक्त किये गये स्कारर्पियो की पहचान कर वारदात में लिप्त संदिग्धों की पतारसी की गई।

# मेघवाल समाज ने लिया मृत्यु भोज बंद करने का निर्णय

कमल सैन

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम क्यामसर में गुरुवार को मेघवाल समाज ने सर्वसम्मति से आम मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व परंपरा मृत्यु भोज बंद है। इसके अनुसार सामाजिक कुरीति व मृत्यु भोज बंद करने का फैसला लिया गया। वहीं ग्राम क्यामसर में व्याख्याता मालाराम जो कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय क्यामसर में कार्यरत है जिनकी पत्नी सोहनी देवी का देहांत 26 जुलाई 2022 को हो गया था, जिसके कारण मेघवाल समाज ने सर्वसम्मति से मेघवाल समाज विकास संस्थान डीडवाना के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद सेवानिवृत्त एएसआई राज पुलिस की अध्यक्षता में और समाज के मौजिज व्यक्तियों की उपस्थिति में जिसमें स्वयं व्याख्याता माला राम व भाई दीपा राम, भागीरथ राम, भतीजा शंकर लाल, शिव भगवान भंवर लाल पुत्र विमल कुमार नर्सिंग ऑफिसर व समाज के अन्य मौजिज व्यक्तियों की उपस्थिति में सामाजिक कुरीति व मृत्यु भोज बंद करने का फैसला लिया गया।

# एलबीएस एकेडमी गोटन में आयोजित हुई महेंदी प्रतियोगिता



दिनेश कड़वासरा

**गोटन( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे की एलबीएस एकेडमी गोटन में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था निदेशक शिवदान राम बापेडिया ने बताया कि एलबीएस एकेडमी सत्र पर्यंत अनेक गतिविधियों का आयोजन करके विधार्थियो को शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हैं। शिवदानराम बापेडिया ने बताया कि गुरुवार को एलबीएस एकेडमी में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आयशा बानो,द्वितीय स्थान पर मोनिका प्रजापत, तृतीय स्थान पर मोनिका वैष्णव ने बाजी मारी।

मेंहदी प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को पुरुस्कृत करके सम्मानित किया गया।इस दौरान प्रधानाध्यापक हनुमान सिंह, अध्यापक महेंद्र ग्वाला, रामलाल खुडखुडिया, दिनेश कड़वासरा, रामनारायण, सुनील, रामकुंवार कड़वासडा, अध्यापिका वंदना, रिंकू, कविता सहित एकेडमी स्टॉफ मौजूद रहे।

# मीरा जयंती महोत्सव के तहत चार दिवसीय रासलीला का हुआ शुभारंभ

- मीरा चरित्र पर नाटक का हुआ मंचन
- भक्तिमय जीवन पर डाला प्रकाश
- कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति दी



सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीरा नगरी मेड़ता सिटी में मनाए जा रहे 518 वा विश्वविख्यात मीरा जयंती महोत्सव के तहत धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन शुरू हो चुका है। यहां मीरा स्मारक में चार दिवसीय रासलीला का शुभारंभ हुआ। वृंदावन से आए कलाकारों ने सबसे पहले भक्त शिरोमणि मीरा बाई के बाल्य काल के बारे में मंचन करते हुए बताया कि किस तरह मीरा बाई बचपन से ही भक्ति की ओर लीन थी। उन्होंने नाट्य प्रस्तुति के दौरान मीरा बाई के भक्तिमय जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस दौरान मीरा जयंती महोत्सव समिति अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बिड़ला, नंद कुमार अग्रवाल, पार्षद मच्छराज सिखवाल , कैलाश गौड़, धर्मी चंद सोनी, सहित अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों की ओर से वृंदावन से आए कलाकारों का स्वागत किया गया।इस दौरान कलाकारों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति दी।

जिनकी उपस्थिति सभी श्रोताओं ने जमकर तारीफ की। इसके साथ ही कलाकारों ने देर रात्रि तक समा बांधा रखा। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कल्पना चौहान पार्षद श्वेता सोनी, श्री मूंदड़ा, पूसा दास वैष्णव,सीपी पुजारी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात कारणों से ट्रांसफार्मर जला, बिजली गुल, मुंबई से आया विधायक का फोन, 2 घंटे में नया लगाया

जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** आमतौर पर बिजली ठप एवं डिस्कॉम की लेटलतीफी को लेकर मामले सामने आते रहते हैं । परंतु गुरुवार को हुई घटना ने डिस्कॉम की तेजतर्रार छवि जनता के सामने प्रस्तुत की। दोपहर 2 बजे निकटवर्ती ग्राम मेहराणा में अज्ञात कारणों से ट्रांसफार्मर जलने के कारण बिजली आपूर्ति गुल हो गई। बारिश के मौसम को देखते हुए ग्रामीणों ने बिजली गुल होने पर ग्रामीणों ने विधायक विजयपाल मिर्धा को सूचना दी। विजयपाल मिर्धा अपने पिता पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा की अव्यवस्था के कारण मुंबई में होने के बावजूद दूरभाष पर अधिकारियों को निर्देश दिए। सूचना मिलने पर डिस्कॉम के सहायक अभियंता गणपत राम सारण मात्र 2 घंटे में खुद की गाड़ी से नया ट्रांसफार्मर लेकर पहुंचे और विद्युत आपूर्ति चालू करवाई। सहायक अभियंता गणपतराम सारण की फुर्ती की चर्चा दिनभर सोशल मीडिया पर नजीर बनी। इस दौरान मानवाधिकार ब्लॉक अध्यक्ष नाथूराम कलिया, रामनिवास गोदारा, रामनिवास चाहर, रघुनाथ गोदारा, लाइनमैन प्रदीप, गोपाल राम, मोतीराम मेघवाल, पुनाराम गोदारा, छीतरमल मेहरा सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का जल्द करें निस्तारण- नीतिश कान्त

## भकरी के आईटी केंद्र में जनसुनवाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन



जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** गुरुवार को भकरी के आईटी केंद्र में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में परबतसर तहसीलदार नीतिश कान्त ने ग्रामीणों की समस्या सुनकर तुरंत समाधान के निर्देश दिए। वार्डपंच प्रेमचंद की अगुवाई में ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने की मांग की। बार-बार ट्रिपिंग होने से मोटर आदि में खराबी आ जाती है। लोगों का कहना था कि बिजली पावर हाउस पर जो ट्रांसफॉर्मर रखा हुआ है, उसे पर्याप्त आपूर्ति संभव नहीं है। ऐसे में बिजली ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने जनसुनवाई में बताया कि जलदाय विभाग की अनदेखी के कारण ग्रामीणों को जनता जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा हैं। आमजन की प्यास बुझाने की खातिर राज्य सरकार ने जनता जल योजना पर लाखों रुपए तो खर्च कर दिए, लेकिन विभागीय अनदेखी के चलते 10 साल बाद भी जल योजना का ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल रहा है। पर्याप्त प्रेशर के अभाव में पानी की पूरी सप्लाई नहीं हो पाती हैं। विभागीय लापरवाही के कारण बिजली व पेयजल व्यवस्था लचर हालत में है। इस मौके पर तहसीलदार ने कहा कि जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज हुए प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करें। इसके अलावा आय, जाति, निवास प्रमाण पत्रों की रिपोर्ट लगान के निर्देश भी दिए।

जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही भर्ती तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर रोजगार सहायक भंवरलाल जाखड़, पंचायत सहायक पूरनमल बंजारा, वार्डपंच प्रेमचंद, नरेंद्र, कमल, दिलीप,अंकित, प्रहलाद सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेड़तासिटी के भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय राज्य मंत्री कैलाश चौधरी से की मुलाकात

## क्षेत्र की जनसमस्याओं से कराया अवगत

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़तासिटी के भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में केन्द्रीय राज्य मंत्री कैलाश चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात कर क्षेत्र विभिन्न जन समस्याओं से अवगत कराया है।

साथ ही निराकरण की मांग रखी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जैसलमेर सांसद एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री चौधरी से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा से वंचित रहे किसानों के क्लेम संबंधी समस्या के बारे में चर्चा की है। इस पर मंत्री चौधरी ने समस्या का निवारण का भरोसा दिलाया। इस मौके पर भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री वीरमदेवसिंह जैसास, पूर्व जिला महामंत्री नवरतनमल सिंघवी, प्रकाश चौधरी मारवाड़, भाजपा युवा नेता रामअवतार लेगा आदि मौजूद रहे।



# राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिये लॉयन्स क्लब ने अधिकारियों का किया अभिनन्दन



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयन्स क्लब कुचामनसिटी द्वारा आयोजित 15 दिवसीय 'अमृत महोत्सव' के चतुर्थ दिवस पर गुरूवार को प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों का राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिये लॉयन्स क्लब द्वारा अभिनन्दन किया गया। इस क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गणेशाराम, उप अधिक्षक संजीव कटेवा, उपखण्ड अधिकारी बी एल जाट, तहसीलदार कुलदीप, आयुक्त नगर परिषद श्रवणराम चौधरी का तिलक लगाकर माला शाल एवं गणेश भगवान की मूर्ति देकर अभिनन्दन किया। उप प्रांतपाल लॉयन श्याम सुन्दर मंत्री, संभागीय अध्यक्ष लॉयन श्याम सुन्दर सैनी, कोषाध्यक्ष लॉयन मनमोहन अग्रवाल, प्रान्तीय सदस्य लॉयन हेमराज पारीक एवं लॉयन महेश रामचन्द्रका उपस्थित रहे।

# निःशुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर समारोहपूर्वक संपन्न

## मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित हुआ शिविर





सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी एवं छीपा रहमानिया मुस्लिम वेलफ़ेयर सोसायटी के सौजन्य एवं जिला अंधता निवारण समिति व राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी के सहयोग से डॉक्टर लुकमान खॉन की मेडिकल टीम के द्वारा राजकीय चिकित्सालय में 2 अगस्त से 4 अगस्त तक छठे निःशुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा एवं कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण शिविर का गुरुवार को समारोह पूर्वक समापन हुआ। समारोह की अध्यक्षता प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रहलाद बाजिया ने की। मुख्य अतिथि भामाशाह हाजी अब्दुल हमीद मौलानी व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर लुकमान खॉन, लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष लॉयन राम काबरा, महावीर इन्टरनेशनल के जॉन कोषाध्यक्ष सुभाष पहाड़िया, डॉक्टर शकील अहमद राव आदि मंचस्थ थे। डॉक्टर प्रहलाद बाजियाँ ने संबोधित करते हुए कहा कि मानव सेवा सर्वोपरि है। ईश्वर हमें समय समय पर सेवा करने का अवसर प्रदान करता है।

इसका हमें सदुपयोग करना चाहिए। राम काबरा ने कहा कि शहर की सामाजिक संस्थाओं द्वारा भामाशाओं के सहयोग से नेत्र चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर नेत्र ज्योति देने का काम करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। समारोह को डॉक्टर शकील अहमद राव, सुभाष पहाड़िया आदि ने संबोधित कर मानव सेवा को सर्वोपरि बताया एवं कुचामनसिटी में मानव सेवा संस्थाओं के साथ साथ मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के कार्यों की प्रशंसा की।

### 33 का किया चयन, 28 मरीजों के हुए ऑपरेशन

सोसायटी सचिव अकीक अहमद उस्मानी ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया की शिविर में प्रथम दिन 180 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिनमें से 33 मरीजों का चयन किया गया। इसमें से 28 मरीजों का सफल ऑपरेशन हुआ । शिविर में मरीजों के खाने-पीने रहने संबंधित समस्त प्रकार की व्यवस्थाएं सोसायटी द्वारा भामाशाह परिवार हाजी अब्दुल हमीद मौलानी के आर्थिक सहयोग से की गई। तीन दिवसीय शिविर के समापन पर नेत्र रोगियों को दवा चश्मा देकर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. लुकमान खान द्वारा आवश्यक निर्देश, परहेज आदि के बारे में विस्तार से बता कर विदा किया।

### सेवाएं देने पर किया पुरस्कृत

शिविर में विशिष्ट सेवाएं देने वाले लियाक़त अली टॉक, समाज सेवी व मानवाधिकार सुरक्षा परिषद् व न्यायायिक मंच के जिला अध्यक्ष मुन्नालाल काछवाल, मरूधर नर्सिंग कॉलेज के स्टूडेंट्स आदि का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान व अभिनन्दन किया गया। शिविर मे इन्होंने दी सेवाएँ नर्सिंग ऑफिसर जाकिर हुसैन, नेत्र सहायक सुमन कुमावत, सोसायटी के खजान्ची इमरान खॉन, मोहम्मद हबीब मौलानी, सरवर तंवर, जावेद कलाल, आरीफ टॉक, सरवर खॉन, इकबाल खॉन, इकराम कुरैशी, आरीफ भाटी, वार्ड बॉय मुरलीधर शर्मा, नेमीचन्द सोनी, समारोह के अन्त में सोसायटी के सदर मोहम्मद शकील ने शिविर सफलता में सहयोग देने वाले सभी लोगों का व भामाशाह परिवार का आभार व्यक्त किया। समारोह का मंच संचालन सरवर तॅवर ने किया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com